# SRI GURU TEGH BAHADUR SAHIB JI
# GOVERNMENT POLYTECHNIC, AMBALA CITY

## ( रिक्त सीटों हेतु प्रवेश सूचना )

| | |
|---|---|
| **व्यक्तिगत रूप से आवेदन फॉर्म जमा कराने की अंतिम तिथि** | **27.08.2026 (वीरवार) दोपहर 12 बजे तक** |

श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी राजकीय बहुतकनीकी, अंबाला शहर में तीन वर्षीय डिप्लोमा इंजी. एवं डिप्लोमा इंजी. (लेटरल एंट्री) पाठ्यक्रमों से कुछ विद्यार्थियों द्वारा अन्य संस्थानों में दाखिला लेने तथा दाखिला फीस वापस लेने के कारण डिप्लोमा इंजी. एवं डिप्लोमा इंजी. (लेटरल एंट्री) में कुछ सीटें रिक्त हो गई हैं। इन रिक्त हुई सीटों को भरने के लिए इस संस्था द्वारा संस्था स्तर की छठी मैनुअल ओपन काउंसलिंग का आयोजन किया जायेगा | संस्था स्तर की इस छठी मैनुअल ओपन काउंसलिंग में सभी रिक्त सीटें बिना किसी आरक्षण के मेरिट के अधार पर सभी पात्र अभ्यर्थियों के लिए खुली रहेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथियों के अनुसार ऑफलाइन आवेदन पत्र संस्थान में दिनांक 27.08.2026 (वीरवार) को दोपहर 12:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। आवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट www.gpambala.ac.in से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन फॉर्म का प्रिंट एक ही पृष्ठ पर आगे-पीछे (Back to Back) लेना अनिवार्य है।

जिन अभ्यर्थियों ने पहले किसी भी ऑनलाइन/ऑफलाइन काउंसलिंग में आवेदन किया है, उन्हें भी छठी संस्थान स्तरीय मैनुअल काउंसलिंग में भाग लेने के लिए नया (Fresh) आवेदन पत्र जमा करना अनिवार्य होगा। संभावित रिक्त सीटों का विवरण वेबसाइट www.gpambala.ac.in पर देख सकते हैं।

| S.No | Date | Event |
|---|---|---|
| 01 | 27.08.2026 upto12:00 Noon | Last Date for submission of Application Form for 6th Institute Level Open Manual Counseling |
| 02 | 30.08.2026, after 5:00 PM | Declaration of Inter-se-Merit/Rank at www.gpambala.ac.in of this institute |
| 03 | 31.08.2026, 10:00 AM | Open Counseling for Diploma Engg. - Lateral Entry Courses. |
| 04 | 31.08.2026, 11:00 AM | Open Counseling for Diploma Engg. Courses. |

**दैनिक/साप्ताहिक आधार पर दाखिला**

यदि उपरोक्त संस्था स्तर की छठी मैनुअल ओपन काउंसलिंग के बाद भी सीटें रिक्त रहती हैं या किसी अभ्यर्थी के संस्थान छोड़ने से सीटें रिक्त होती है, तो इन सभी रिक्त सीटों को, संस्था द्वारा, दिनांक 01.09.2026 से दाखिले की अंतिम तिथि 14.09.2026 तक दैनिक या साप्ताहिक आधार पर भरा जायेगा | इन तिथियों के दौरान प्रतिदिन दोपहर 12:00 बजे तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। उसी दिन प्राप्त सभी आवेदनों की मेरिट बनाकर दोपहर बाद 3:00 बजे सीटों का आवंटन कर दिया जाएगा। यह प्रक्रिया प्रवेश की अंतिम तिथि 14.09.2026 तक जारी रहेगी।

**नोट :** डिप्लोमा इंजी एवं डिप्लोमा इंजी (लेटरल एंट्री) पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु पात्रता, तथा प्रवेश से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियों की जानकारी के लिए अभ्यर्थी HSTES, पंचकूला की वेबसाइट www.hstes.org.in पर उपलब्ध डिप्लोमा प्रॉस्पेक्टस 2026–27 का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें। दिनांक 01.09.2026 से 14.09.2026 तक काउंसलिंग की अनुसूची दैनिक / साप्ताहिक आधार पर संस्था के नोटिस बोर्ड एवं संस्था की आधिकारिक वेबसाइट www.gpambala.ac.in पर उपलब्ध कराई जाएगी। अभ्यर्थी काउंसलिंग से संबंधित नवीनतम जानकारी हेतु उक्त माध्यमों का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

प्रधानाचार्य